# बसो हमारे मन मन्दिर में श्याम | By Sadhvi Bharti Chauhan

बसो हमारे मन मंदिर में सांवरिया सरकार
प्रभु मुझे ऐसा वर दो
थाम लो मेरी बाह मुरारी आन खड़ी तेरे द्वार
प्रभु मुझे ऐसा वर दो

आप संभालो चाबी अब तो हमारे घर द्वार की
हमको बनालो दासी खाटू के दरबार की
हर पल हो तेरा ही सुमिरन सुबह ना देखूं शाम
प्रभु मुझे ऐसा वर दो.........

फंद छुड़ा दो मेरा लोभ मोह अभिमान से
धैर्य हमें दो इतना भटकु कभी ना श्याम नाम से
सहन करूं मैं जब तक तन में रहे हमारी जान
प्रभु मुझे ऐसा वर दो.............

याद रहे ना हमको कोई सिवाय खाटू धाम के
आज यहीं से मांगो मोरबी मैया तेरे लाल से
रोम रोम से निकले मेरे सांवरिया का नाम
प्रभु मुझे ऐसा वर दो..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d/